# होली के पहले मण्डियों से बैरंग लौटे किसान

## ब्यावरा में हंगामे के बीच एक घंटे नीलामी रूकी, कई जगह नगदी को लेकर परेशानी, खिलचीपुर में भोजन को लेकर शिकायत

**मण्डियों में किसानों की फजीहत, उपज लेकर आए किसानों को सुविधाएं नहीं मिल रहीं, त्यौहारों से पहले परेशानी का सामना कर रहे किसान**



नवभारत न्यूज

**पचोर/ब्यावरा 28 फरवरी, सं.** होली से पूर्व किसान मण्डियों में अपनी उपज लेकर आए लेकिन अलग-अलग कारणों के चलते वे बैरंग लौटने को मजबूर हुए. पर्याप्त मात्रा में नगद राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण पचोर कृषि मंडी में शनिवार को नीलामी कार्य प्रभावित हुआ. वहीं ब्यावरा में शाम के समय हंगामे के बीच लगभग एक घंटे तक नीलामी रूकी रही. वहीं पचोर में भी नीलामी में देरी के कारण नाराजगी का वातावरण निर्मित हो गया. जानकारी के अनुसार शनिवार को बैंक बंद रहने एवं बैंकों से पर्याप्त नगद राशि नहीं मिलने के कारण कृषि उपज मंडी पचोर में नीलामी कार्य में देरी हुई. निर्धारित समय पर नीलामी शुरू नहीं होने से मंडी परिसर में किसानों में नाराजगी देखी गई. सूचना मिलने पर पुलिस, प्रशासन के अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा समझाईश देते हुए स्थिति को संभाला.

**एक घंटे की देरी से शुरु हुई नीलामी-** जानकारी के अनुसार शनिवार को नगद राशि को लेकर निर्मित संकट के चलते व्यापारियों में भी असमंजस की स्थिति बनी रही. कुछ व्यापारी खरीदी शुरू करना चाहते थे, जबकि कुछ व्यापारियों द्वारा नगद राशि की कमी का हवाला देते हुए खरीदी करने से दूरी बना ली. इन्हीं हालातों के चलते लगभग एक घंटे तक नीलामी कार्य रुका रहा. मंडी सचिव ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों और किसानों से चर्चा की.

### सहमति नहीं बन सकी मंडी बंद को लेकर

शुक्रवार की शाम को कई व्यापारी नगद राशि उपलब्ध नहीं होने के चलते शनिवार को मंडी में नीलामी कार्य बंद रखे जाने के पक्ष में रहे. किंतु देर शाम तक इसको लेकर कोई सहमति नहीं बन सकी. ऐसे में मंडी के द्वारा शनिवार को अवकाश की घोषणा नहीं की जा सकी. शनिवार सुबह से ही बड़ी संख्या में किसान उपज लेकर मंडी आ गये. व्यापारियों के बीच सहमति नहीं बनने से शनिवार को नीलामी कार्य में देरी होने के कारण कुछ समय के लिए हंगामे की स्थिति भी निर्मित हो गई. पुलिस और मंडी प्रबंधन की समझाईश के बाद नीलामी कार्य शुरु हो सका. जानकारी के अनुसार पचोर नगर में व्यापारियों को काफी समय से बैंकों से पर्याप्त नगदी राशि नहीं मिलना बताया जा रहा है. व्यापारियों के अनुसार 40 लाख रुपए का चेक प्रस्तुत करने पर लगभग 20 लाख रुपए ही नगद मिल पा रहे है. व्यापारियों के अनुसार आने वाले दिनों में मंडी में उपज की आवक कहीं अधिक बढ़ेगी. ऐसी स्थिति में नगद राशि का संकट और अधिक गहरा सकता है.

### देश का पेट भरने वाला किसान, 5 रुपये के भोजन के लिए भटकता नजर आया

**नवभारत न्यूज, खिलचीपुर 28 फरवरी, सं.** कृषि उपज मंडी में इन दिनों उपज की बंपर आवक हो रही है. बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज बेचने के लिए मंडी पहुंच रहे हैं, लेकिन उनके लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री आरएस 5 भोजन योजना जमीनी स्तर पर दम तोड़ती नजर आ रही है. मामले में किसानों ने शनिवार को अपना गुस्सा जाहिर किया. किसानों का आरोप है कि योजना कागजों में तो है, पर मंडी परिसर में सस्ता भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा. कई किसान रात से ही अपनी बारी का इंतजार करते हैं, लेकिन सुबह उन्हें भोजन की व्यवस्था नहीं मिलती. डिंगलिया खेड़ी के किसान रामबाबू दांगी ने बताया कि वे शुक्रवार रात से मंडी में रुके थे, लेकिन सुबह योजना के तहत भोजन नहीं मिला. मजबूरी में उन्हें 20 रुपये देकर नाश्ता लेना पड़ा. किसानों का आरोप है कि मंडी में योजना के तहत सस्ता भोजन देने के बजाय पोहा, जलेबी और समोसे बाजार दर से अधिक कीमत पर बेचे जा रहे है. इतना ही नहीं, परिसर में गुटखा और पान मसाला की बिक्री भी खुलेआम हो रही है. कुछ माह पहले कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने मंडी का निरीक्षण कर मंडी सचिव से भोजन व्यवस्था शुरू करने और होटल संचालन व गुटखा-पान मसाला बिक्री पर रोक लगाने की मांग की थी. खिलचीपुर एसडीएम अंकिता जैन ने बताया कि मामले की जानकारी ली जा रही है. जांच की जाएगी कि आरएस5 भोजन योजना के तहत किसानों को भोजन क्यों नहीं मिल रहा और मंडी परिसर में गुटखा-पान मसाला की दुकान कैसे संचालित हो रही है. वहीं मंडी सचिव गोवर्धन लाल दांगी का कहना है कि किसानों को भोजन दिया जा रहा है और शनिवार को 8 से 10 किसानों को भोजन टोकन वितरित किए गए.





### मंडी में हंगामा, अभद्रता पर मामला दर्ज

**ब्यावरा 28 फरवरी, का.** ब्यावरा कृषि उपज मंडी में शनिवार शाम शराब के नशे में धुत कुछ युवकों ने जमकर हंगामा किया. हंगामे के कारण मंडी में लगभग एक घंटे से अधिक समय तक नीलामी बंद रही. जानकारी के अनुसार शाम करीब 4 बजे ये युवक नशे की हालत में मंडी पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी. बताया जाता है कि जब मंडी निरीक्षक उन्हें समझाने गए, तो युवकों ने उनके साथ अभद्रता की. किसानों और व्यापारियों से भी अभद्रता की और ट्रैक्टर से स्टंट दिखाए. हंगामे की सूचना मिलने पर सिटी पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस को देखकर 2 युवक फरार हो गए, जबकि 4 अन्य को पुलिस ने पकड़ लिया. सिटी पुलिस के अनुसार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाई की है, इनमें टोड़ी निवासी विनोद पुत्र रामबाबू, करौंदी निवासी सोनू पुत्र मांगीलाल, अरुण पुत्र धीरज सिंह, अजय पुत्र दीवान सिंह शामिल है. पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त कर मेडिकल कराने के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है.

## एक नजर में

### त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**जीरापुर 28 फरवरी, सं.** होलिका दहन, धुलेंडी, रंगपंचमी पर्व, शीतला सप्तमी एवं ईद त्यौहार को लेकर पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में आगामी त्यौहारों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने विचार विमर्श किया. जहां पर मुख्य रूप एसडीओपी डीएस नागर, तहसीलदार आर.पी.सिंह गौड़ तथा सीएमओ हरिओम शर्मा, थाना प्रभारी संतोष सिहं, बीएमओ सुनील चौरसिया सहित उपस्थिति लोगों ने त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण भाईचारे के साथ मनाने पर जोर दिया. अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत सप्लाई व्यवस्था चौकस रखने के निर्देश दिए. नागरिकों से किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की अपील की. रंग पंचमी पर त्रंबकेश्वर महादेव शिव चौक से गेर निकाली जाएगी. शीतला सप्तमी पर रात्रि से ही माता मंदिर परिसर में पुलिस व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए. इस मौके पर मुख्य रूप से पुर्व नगर परिषद अध्यक्ष बलराम टांक, पार्षद प्रतिनिधि शिवचरण मण्डलोई, हेमन्त जोशी, कुशाल कुशवाह, दिनेश जमींदार, राजेश शर्मा पटवारी, गिरिराज जुलानीया, देवकीनंदन जमींदार, चम्पालाल दांगी, वाहिद खां, लखन मेंवाडा, शकील खां, शाहरुख खान सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

### बस स्टैण्ड के क्षतिग्रस्त शौचालय की मरम्मत



**सारंगपुर 28 फरवरी, सं.** नगर पालिका द्वारा नवीन बस स्टेण्ड के क्षतिग्रस्त शौचालय की मरम्मत शुरू की गई. सीएमओ दीपक रानवे द्वारा गत दिवस नवीन बस स्टेण्ड की सफाई कार्यो का औचक निरीक्षक किया गया. बस स्टेण्ड के पीछे काफी गंदगी होने एवं पूर्व से निर्मित मूत्रालय क्षतिग्रस्त होने से महिलाओं को परेशानी को देखते हुए उपयंत्री एवं स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे को गंदगी को हटाने एवं उपयंत्री को मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिये थे. सीएमओ द्वारा धार्मिक पर्वो के देखते हुए नगर में सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं नियमित सफाई के निर्देश स्वच्छता निरीक्षक को दिये गये. नवीन बस स्टेण्ड के मुत्रालय के मरम्मत कार्य स्वयं सीएमओ द्वारा अपनी समक्षता में प्रारंभ करवाया गया उक्त कार्य के प्रारंभ के समय नगर पालिका कर्मचारी गोकुल पुष्पद को कार्य तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये.

**चना, मसूर पंजीयन 16 तक**

**राजगढ़ 28 फरवरी, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) की नीति के अनुसार समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर फसल के उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की प्रिक्रिया प्रारंभ कर दी गई है. यह पंजीयन कार्य 16 मार्च तक किया जाएगा. जिले में कुल 84 गेहूँ पंजीयन केन्द्रों का चयन किया गया है.

## कोटरा पहुंचा जागरण लेक यूनिवर्सिटी का छात्र दल



नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 28 फरवरी, सं.** प्राकृतिक दृष्टि से परिपूर्ण मालवा के मिनी कश्मीर नाम से मशहूर नरसिंहगढ़ क्षेत्र में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जा रहा है. इसके अंतर्गत आजीविका मिशन के संगठन व ग्रामीण पर्यटन बोर्ड के समन्वय से ग्रामीण पर्यटन ग्राम कोटरा में भोपाल के जागरण लेक यूनिवर्सिटी के 48 छात्र-छात्राओं के दल द्वारा शैक्षणिक भ्रमण पूर्ण किया गया भ्रमण का उद्देश्य रिस्पांसिबल टूरिज्म एवं इको टूरिज्म अंतर्गत ग्रामीण पर्यटन की गतिविधियों व ग्रामीण परिवेश के अनुभव को प्रत्यक्ष रूप से साझा किया. छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यटक ग्राम कोटरा का संपूर्ण भ्रमण किया गया. बच्चों द्वारा कोटरा के पहाड़ पर ट्रैकिंग, करवटिया गुफा, शैल चित्र, तालाब, समूह सदस्य ग्रामीण होम स्टे का भ्रमण किया गया. बच्चो द्वारा इस भ्रमण के दौरान खुब इंजॉय किया उसी के साथ ग्रामीण पर्यटन गतिविधि ग्राम की भजन मंडली, मिट्टी के बर्तन बनाने की गतिविधि, बच्चों के द्वारा निर्मित टेम्पो, जुट रस्सी के बने आयटम, बर्ड वाचिंग, गतिविधियों को बहुत करीब से जाना व ग्राम के हितग्राही द्वारा अपना अनुभव साझा किया गया. आजीविका मिशन के प्रबंधक आशीष कौशिक ने जानकारी से अवगत कराया.

उक्त भ्रमण जागरण स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म के डॉ. प्रोफेसर नफीस हैदर नकवी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया. भ्रमण के दौरान यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. परिक्षित शर्मा, प्रोफेसर ईशा, प्रोफेसर आशीष झा, मप्र टुरिज्म बोर्ड् से दृष्टि सक्सेना, पूजा, आशीष कौशिक जिला पंचायत, कोटरा पंचायत सरपंच रामकन्या कुशवाह, केदार सिंह पर्यटन समिति अध्यक्ष, सीताराम जी सचिव,सुनील, हेमराज कुशवाह, बाबूलाल, मूलचंद, रामभरोसे आदि ग्रामीणजन उपस्थित हुए.

### राजगढ़ में आज ढाई घंटे बिजली कटौती

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 28 फरवरी, का.** आज 1 मार्च को सुबह 9.30 से 12 बजे तक राजगढ़ टाउन सब स्टेशन में रखरखाव कार्य के कारण बिजली आपूर्ति बंद रहेगी. इसके चलते कला खेत शिव धाम, पीटी कंपनी, नाका 3, खुजनर रोड, सिविल लाइंस, बाराद्वारी, मोहन पुरा कॉलोनी, संकट मोचन, बसवाड़, फलोदी, भंवर कॉलोनी, उद्धव नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा. मेंटिनेंस के समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन जा सकता है.

## महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम आयोजित



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 28 फरवरी, सं.** शासकीय महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय वेबिनार में आत्महत्या रोकथाम पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं चेतावनी संकेतों की पहचान विषय पर रसायनशास्त्र विभाग द्वारा आयोजन किया. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है. कार्यक्रम समन्वयक पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, प्रभारी भुवनेश कुमार गुप्ता, कनीज अंसारी ने विद्यार्थियों को अवसाद, सामाजिक अलगाव, व्यवहार में अचानक परिवर्तन, निराशा की भावना तथा आत्मघाती विचार जैसे संकेतों को समय रहते पहचानने की आवश्यकता पर बल दिया. कार्यक्रम का संचालन कपिल वैष्णव द्वारा किया गया. कार्यक्रम में एसएल दांगी, डॉ. रश्मि सोनी, डॉ. रीना पाटीदार, डॉ ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ कमल सिंह अहिरवार, दिनेश दांगी, केतन गुप्ता, अनुपम आचार्य, हेमेंद्र सिंह फौजदार, मुकेश सेन, ललित कुमार शर्मा, रोहित मालवी, डॉ. महेश नरवरिया, मनोहर परमार, मंगल सिंह झाला एवं समस्त छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे.

## दमन दीव में दिखाया शानदार प्रदर्शन, जीते पदक



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 28 फरवरी, का. विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावरा के बच्चों ने दमन दीव में आयोजित अस्मिता पेंचक सिलाट खेलो इंडिया वूमेंस लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते.**

जानकारी के अनुसार अस्मिता पेंचक सिलाट खेलो इंडिया वूमेंस लीग में मनीषा कुमारी यादव पिता विद्या सागर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर कैटेगरी में 6 फाइट जीत कर फाइनल में सिल्वर मेडल जीता. प्रतिज्ञा दांगी पिता लक्ष्मीनारायण, अर्शिता पिता मोहन, दीक्षा पिता कन्हैयालाल, निकिता दांगी पिता राधेश्याम ने शानदार प्रदर्शन किया. जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में 8 स्टेट के खिलाड़ियों ने भाग लिया. पदक प्राप्त सभी खिलाड़ियों को 8 हजार, 6 हजार, 4 हजार रुपये की राशि प्रधानमंत्री के माध्यम से पुरस्कृत की जाएगी. विद्यालय के संचालक शिवम चंद्रवंशी, प्राचार्या अंकिता गुप्ता, कोच धर्मराज दांगी, विधालय परिवार, अभिभावकों ने उज्जवल भविष्य की कामना की

### सुनील विश्वकर्मा बने विश्वकर्मा समाज के प्रदेश मंत्री

**सारंगपुर 28 फरवरी, सं.** तारागंज निवासी सुनील विश्वकर्मा को सारथी विश्वकर्मा समाज कल्याण सेवा संगठन भारत के प्रदेश मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है. सुनील विश्वकर्मा समाज के प्रत्येक कार्य में आगे रहते हैं और वर्तमान में पूर्वी लोहार विश्वकर्मा समाज सेवा समिति भैंसवा माताजी के अध्यक्ष पद पर कार्यरत है. इस अवसर पर प्रदेश मंत्री का स्वागत किया गया. इस मौके पर वरिष्ठ पदाधिकारी राजबहादुर विश्वकर्मा, फूंदीलाल विश्वकर्मा, हरिसिंह विश्वकर्मा, हिम्मत सिंह, सुखदेव विश्वकर्मा, जुगल किशोर विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, समाज बंधुओ ने शुभकामनाएं दी.

## फाल्गुनी ग्यारस पर खाटू श्याम को लगाए 56 भोग, भजन हुए



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 28 फरवरी, का. नगर में फाल्गुनी ग्यारस के पावन अवसर पर बिरजीपुरा स्थित बड़े हनुमान मंदिर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया. जीमो जी जीमो, भोग लगाओ 56 भोग त्यार जी जैसे मधुर भजनों के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा.**

कार्यक्रम में बाबा खाटू श्याम जी के नाम एक विशेष भजन संध्या आयोजित की गई, जिसमें जिले के कई कलाकारों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं. राम धुन लगी भक्ति संस्थान के कलाकारों ने भी सुंदर भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया. इस अवसर पर कलाकार हर्षित मेवाड़े द्वारा खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया. गुलाब एवं विभिन्न फूलों से सजे दरबार में बाबा को बागा पहनाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया. विशेष रूप से 56 भोग अर्पित किए गए, जिनमें विविध प्रकार के व्यंजन शामिल थे. भजन-कीर्तन में नगर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति रस में डूबकर आनंद लिया. आयोजन बड़े हनुमान मंदिर समिति, बिरजीपुरा के सदस्यों द्वारा किया गया. कार्यक्रम का संचालन यू टयूबर एवं एंकर मितेश व्यास ने किया.

**अभियान** | **14 वर्ष तक की बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण शुरू**

## एचपीवी टीकाकरण शुरू : 19 हजार बालिकाओं को लगेंगे टीके



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/राजगढ़, 28 फरवरी, का. जिले में 14 वर्षीय बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शनिवार को शुभारंभ हुआ. यह टीका महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम का प्रभावी एवं सुरक्षित माध्यम है.**

जिले में 14 वर्षीय बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ शनिवार को जिला अस्पताल राजगढ़ से समारोह के साथ किया गया. यह टीका महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम का प्रभावी एवं सुरक्षित माध्यम है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु शिक्षा विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, पंचायत विभाग एवं मैदानी अमले को समन्वयपूर्वक कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह अभियान बालिकाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रयास है, सभी विभाग पूर्ण सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे.


मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने एचपीवी टीके की जानकारी देते हुए बताया कि यह सर्वाइकल कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है और बालिकाओं के उज्ज्वल स्वास्थ्य भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. अपर जिला दण्डाधिकारी प्रताप सिंह चौहान ने टीकाकरण प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किया.

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा, डॉ. जे.के. शाक्य, डॉ. डी.पी. पटेल, डॉ. सुधीर कलावत, डॉ. आर.के. कठेरिया, डॉ. आर.के. जैन, डॉ. महेंद्रपाल सिंह, डीसीएम सुनील वर्मा, शहरी आशा कार्यकर्ता एवं बालिकाएं उपस्थित रही. जिला टीकाकरण अधिकारी के अनुसार पहले दिन शनिवार को जिले भर में 37 टीकाकरण हुए. इनमें सर्वाधिक नरसिंहगढ़ में 13, जीरापुर एवं राजगढ़ में 8-8, ब्यावरा एवं सारंगपुर में 3-3, खिलचीपुर में 2 टीकाकरण हुए.

### 7 अस्पतालों में शुरू किया टीकाकरण

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एल.पी. भकोरिया के अनुसार जिले की सात स्वास्थ्य संस्थाओं जिला अस्पताल राजगढ़, सिविल अस्पताल ब्यावरा एवं नरसिंहगढ़ा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिलचीपुर, जीरापुर, खुजनेर एवं सारंगपुर में टीकाकरण प्रारंभ किया गया है. जिले में लगभग 19 हजार बालिकाओं को आगामी 90 दिनों में टीकाकृत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. उन्होंने कहा कि टीकाकरण हेतु अभिभावक की सहमति अनिवार्य है.

## 7 लीटर देशी और 18 लीटर अवैध भट्टी शराब जब्त



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 28 फरवरी, सं.** कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल के मार्गदर्शन में जारी विशेष अभियान के तहत जिले मे अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, संग्रहण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी है. इसी अभियान के तहत अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही की गई.

सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे द्वारा वृत्त सारंगपुर क्षेत्र में होटल, ढाबों एवं अन्य स्थानों पर दबिश दे कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1), 36(छ) के तहत 6 प्रकरण कायम किए गए. इस दबिश के दौरान 7 लीटर देशी मदिरा, 2 लीटर बीयर, 18 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई, जिनका अनुमानित मूल्य 7232 है जप्त की गई. उक्त कार्रवाई में परीविक्षाधीन आबकारी आरक्षक इमरान खान, शिवम पचाई ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया. टीम के सदस्यों ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.